संख्याः जी–2–27/दस–2011–307/2006

प्रेषक,

अनूप मिश्र,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांकः 18 जनवरी, 2011

विषयः मुख्य लेखाशीर्ष–8009 सा0भ0नि0 खाता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संबंधित वित्तीय वर्ष 2001–02 से वित्तीय वर्ष 2009–10 तक के कुल जमा/आहरण एवं उस पर देय ब्याज के आंकड़े कार्यालय महालेखाकार को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

शासन स्तर से समय–समय पर निर्गत पार्श्वांकित शासनादेशों के द्वारा मुख्य लेखा शीर्ष–8009 सामान्य भविष्य निधि खाता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संबंधित वित्तीय वर्ष 2001–02 से वित्तीय वर्ष 2008–09 के कुल जमा/आहरण एवं देय ब्याज के आंकड़े कार्यालय महालेखाकार को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं। इस संबंध में वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा यह तथ्य शासन के संज्ञान में लाया गया है कि अधिकांश विभाग द्वारा उक्त आंकड़े सीधे उन्हें उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं, यह स्थिति उचित नहीं है।

1–संख्या जी–2–1074/दस–2007–307/2006, दि0 31–07–2007
2–संख्या जी–2–1921/दस–2007–307/2006, दि0 17–12–2007
3–संख्या जी–2–1118/दस–2008–307/2006, दि0 09–09–2008
4–संख्या जी–2–1076/दस–2009–307/2006, दि0 21–08–2009

2– इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप अपने स्तर से अपने अधीनस्थ अधिकारियों को यह निर्देश दे दें कि वे कृपया चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि के वित्तीय वर्ष 2001–02 से वित्तीय वर्ष 2009–10 के वर्षवार कुल जमा/आहरण एवं देय ब्याज के आंकड़े निम्नलिखित प्रारूप में निदेशक, वित्तीय

–2–

सांख्यकी निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ को तत्काल उपलब्ध कर
कष्ट करें :–

कमांक	विभाग का नाम	कुल चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की संख्या	वित्तीय वर्ष के दौरान अंतिम आहरण/आंशिक प्रत्याहरण के बाद अवशेष जमा धनराशि	जमा धनराशि पर कुल देय ब्याज की धनराशि
1	2	3	4	5

3– निदेशक, वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ समस्त विभागों से प्राप्त ब्याज के उक्त आंकड़ों को समेकित कराकर प्रतिवर्ष कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

4– कृपया उक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनूप मिश्र)
प्रमुख सचिव

संख्या–जी–2–27(1)/दस–2011–307/2006,तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3– प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
5– निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6– निदेशक, वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ को उनके पत्र संख्या–प्रावि0/65/2007/7629, दिनांक 14 जून, 2010 एवं पत्र संख्या–प्रावि0/65/2007/7913, दिनांक 01–11–2010 के संदर्भ में।

आज्ञा से,

(बी0 के0 सिंह)
विशेष सचिव

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 145 सा0 वित्त–7.2.2011–(2311)–3000+2 प्रतियां (आफसेट)।